उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-24 /02/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2022/02-परीक्षा/2021

लखनऊ : दिनांक : 04 जून, 2022

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2021, स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2021)/01 की लिखित परीक्षा के आधार पर अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित किये गये 17713 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की सूचना संख्या-22/02/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2022/02-परीक्षा/2021, दिनांक 26-05-2022 द्वारा घोषित किया गया था।

आयोग की उक्त सूचना के क्रम में समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका अभिलेख परीक्षण निम्नलिखित सारणी में दिये गये कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 09-06-2022 से 18-06-2022 तक दो पालियों (प्रथम पाली 10:00 AM to 01:00 PM एवं द्वितीय पाली 01:30 PM to 04:30 PM) में **बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पी0जी0 कालेज (के0के0वी0), स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ** में आयोजित किया जायेगा-

| क्र.सं. | अभिलेख परीक्षण की तिथियां | प्रथम पाली (10:00 AM to 01:00 PM) | | द्वितीय पाली (01:30 PM to 04:30 PM) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Roll Number | | Roll Number | |
| | | From | To | From | To |
| 1 | 09-06-2022 | 00000001 | 00001246 | 00001247 | 00002489 |
| 2 | 10-06-2022 | 00002490 | 00003718 | 00003719 | 00004960 |
| 3 | 13-06-2022 | 00004961 | 00006195 | 00006196 | 00007441 |
| 4 | 14-06-2022 | 00007442 | 00008677 | 00008678 | 00009921 |
| 5 | 15-06-2022 | 00009922 | 00011161 | 00011162 | 00012388 |
| 6 | 16-06-2022 | 00012389 | 00013625 | 00013626 | 00014872 |
| 7 | 17-06-2022 | 00014873 | 00016104 | 00016105 | 00017345 |
| 8 | 18-06-2022 | 00017346 | 00018281 | अनुपस्थित अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित | अनुपस्थित अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित |

2- अभिलेख परीक्षण से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों के Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए है। संबन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Document Verification Letter पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ही अपने Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र Download कर सकेंगे।

3- अभिलेख परीक्षण के समय सभी अभ्यर्थियों के सभी शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र, अनुभव सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान / सत्यापन व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी, अनुभव सम्बन्धी एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं छायाप्रतियों के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्रों व सूचना के संलग्न स्वघोषणा-पत्र प्रिंट कर व वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर **बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पी0जी0 कालेज (के0के0वी0), स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ** में अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

4- उपर्युक्त अभिलेख परीक्षण हेतु निर्धारित तिथियों में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि किसी उचित कारण से, यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अभिलेख परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है तथा इसकी जानकारी लिखित रूप में अभ्यर्थी द्वारा आयोग को यथासमय दी जाती है, तो आयोग की अनुमति के उपरान्त उसे दिनांक 18-06-2022 को द्वितीय पाली में अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। तदुपरान्त किसी भी अभ्यर्थी को अभिलेख परीक्षण हेतु पृथक से अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

संलग्नक-स्वघोषणा पत्र।

04/06/2022

(अवनीश सक्सेना)

सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।**
विज्ञापन संख्या–02–परीक्षा/2021
स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0– 2021)/01

## स्व घोषणा–पत्र

अनुक्रमांक– ..............................................

अभिलेख परीक्षण की तिथि– ............................................

01–मैं मास्क, हैण्ड सेनेटाइजर का प्रयोग कर रही हूँ और मेरे पास पानी की बोतल है।

02–मैं खांसी, बुखार, सांस लेने में दिक्कत, गंध या स्वाद की हानि जैसे लक्षण का अनुभव नहीं कर रही हूँ।

03–मैं अभिलेख परीक्षण परिसर में अनावश्यक विचरण नहीं करूँगी और न ही यत्र–तत्र थूकूँगी।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ................................

पंजीकरण संख्या ................................

*जो लागू न हो, उसे काट दिया जाए।

प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क द्वारा भरा जाए–

01–परीक्षण की तिथि .................................... व समय ............................

02–अभ्यर्थी के शरीर का तापमान– .............................

03–अभ्यर्थी का ऑक्सीजन स्तर– ..............................

**टेबल सं0**

हस्ताक्षर ...................................................

नाम प्रभारी ..................................................

**प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क**